# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-2 अंक-17 सागवाड़ा, शनिवार, 1 अक्टूबर, 2022 भाषा : हिन्दी ई-पेपर अवधिः (वार्षिक) मूल्य-10 रु. पृष्ठ-1


## आरोप- उपप्रधान निजी हित के लिए झूठी शिकायत कर, वही उन्होंने सागवाडा पूर्व विधायक बामनिया का समर्थन

- सरपंचों ने सामग्री मद का भुगतान करने की रखी मांग
- सागवाडा में सरपंच, मेट व कारीगरों ने धरना देकर किया प्रदर्शन

**सागवाडा।** डूंगरपुर जिले की सागवाड़ा पंचायत समिति में कई महीनो से सामग्री मद का भुगतान नहीं होने से परेशान सरपंचों ने मेट व कारीगरों साथ पंचायत समिति पर एक दिवसीय धरना देकर प्रदर्शन किया। वही पंचायत समिति के उप प्रधान द्वारा बार बार शिकायत करने पर आक्रोश जताया। सरपंचो ने सागवाडा एसडीएम को सीएम के नाम ज्ञापन देकर सरकार से दिवाली से पहले सामग्री मद का भुगतान करने की मांग की है।

लम्बे समय से पंचायतो में सामग्री मद का भुगतान नहीं होने से परेशान सागवाडा पंचायत क्षेत्र के सरपंच ब्लाक अध्यक्ष कैलाश रोत के नेतृत्व में पंचायत समिति परिसर में एकत्रित हुए। इस दौरान सागवाडा ब्लाक के सरपंचो ने मेट व कारीगरों के साथ मिलकर आज सागवाडा पंचायत समिति परिसर में धरना देकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर सरपंच संघ के ब्लाक अध्यक्ष कैलाश रोत ने बताया की सागवाडा पंचायत समिति के उपप्रधान अपने निजी हित के लिए बार बार झूठी शिकायत कर परेशान कर रहे है। वही उन्होंने सागवाडा के पूर्व विधायक सुरेन्द्र बामनिया पर उप प्रधान को संरक्षण देने के भी आरोप लगाए। ब्लाक अध्यक्ष कैलाश रोत ने बताया की झूठी शिकायतों के चलते डूंगरपुर जिले की सागवाडा पंचायत समिति की किसी भी पंचायत में सामग्री मद का भुगतान लम्बे समय से नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा की आगामी दिनों दीपावली का त्यौहार आ रहा है इसमें मटेरियल का भुगतान नहीं होने से छोटे छोटे व्यापारी और सरपंच परेशान हो रहे हैं। उन्होंने बताया की सामग्री मद का भुगतान बकाया होने से व्यापारी सरपंचो को परेशान कर रहे है। इधर धरना प्रदर्शन के बाद सरपंचो ने सागवाडा एसडीएम को सीएम के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में सरपंचो ने दीपावली से पहले सामग्री मद का भुगतान करने की मांग की है।

वही भुगतान नहीं होने पर सभी पंचायतों में ताला बंदी करने व सरकार की योजनाओं का बहिष्कार करने की चेतावनी भी दी है।

## कडाणा की ज़मीन ख़रीदने वाले हरि सिंह को कोर्ट से मिली राहत, गिरफ़्तार नहीं करने के आदेश

**सागवाडा थानाधिकारी के सामने पेश हुआ हरिसिंह, कहा मैंने तो वो ज़मीन ख़रीदी जिसका नामांतरण खोला गया था, मैं दोषी नहीं**

**सागवाडा।** कडाणा विभाग की बेशक़ीमती भूमि के नामांतरण खोल कर रजिस्ट्री करने के मामले में शुक्रवार को नया मोड़ आया। ज़मीन ख़रीदने वाला हरिसिंह शुक्रवार शाम को सागवाडा थाना में पेश हुआ हालाँकि कोर्ट ने उसकी गिरफ़्तारी और पूछताछ पर रोक लगा रखी थी। इसके चलते हरिसिंह थानाधिकारी शैलेंद्र सिंह के समक्ष न्यायालय के आदेश पर पेश हुआ और अपनी बात रख कर रवाना हो गया। थाने से बाहर निकलते वक़्त हरि सिंह ने मीडिया कर्मियों से बातचीत में कहा कि जिस ज़मीन का नामांतरण खोल दिया गया था उसने तो वो ज़मीन ख़रीदी है। ऐसे में उसे उसे दोषी बताया जाना ग़लत है। हाईकोर्ट ने हरि सिंह की गिरफ़्तारी पर रोक लगा रखी है साथ ही अगली सुनवाई 18 अक्टूबर को होगी।

कोर्ट में याचिकाकर्ता हरि सिंह के अधिवक्ता ने कोर्ट में बताया कि याचिकाकर्ता एक वास्तविक क्रेता है जिसने पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से भूमि खरीदी है और उसके प्रतिफल में उसने खाता प्राप्तकर्ता चेक के माध्यम से रु. 2,81,00,000/- का भुगतान किया है।इस प्रकार, उसके खिलाफ प्राथमिकी को आगे बढ़ाने के लिए कार्यवाही नहीं की जा सकती है।बहस के दौरान सामने आए तथ्यों पर न्यायालय को याचिकाकर्ता 30 सितंबर को जांच अधिकारी के सामने पेश होने के निर्देश दिये थे। साथ ही कोर्ट के आदेशानुसार जांच अधिकारी क़ानून के अनुसार मामले को देखेंगे और सुनवाई की अगली तारीख यानी 18 अक्तूबर को तथ्यात्मक रिपोर्ट भेजेंगे। उल्लेखनीय है कि कडाणा विभाग की ज़मीन के ख़रीद फ़रोख़्त के मामले में कूट रचित दस्तावेजों के माध्यम से भूमि हड़पने को लेकर सागवाडा थाने में एफ़आइआर दर्ज की गई थी। जिसमें ज़मीन बेचने वाली दोनों बहनें नजमा और फातेमा और हरि सिंह के ख़िलाफ़ मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले में अब तक नजमा वह फातेमा को पुलिस गिरफ़्तार कर चुकी है और पूछताछ के बाद दोनों ही जेल में हैं। साथ ही इस मामले में गवाह और एक बिचौलियों को भी पुलिस ने पकड़ा था जो जेल में है। इन गिरफ्तारियों के बाद भी इस मामले में कोई बड़ा ख़ुलासा नहीं हो पाया था ऐसे में पुलिस हरिसिंह का इंतज़ार कर रही थी कि उससे पूछताछ में कुछ ख़ुलासा हो पाएगा लेकिन कोर्ट के आदेश के चलते पुलिस न तो हरि सिंह को गिरफ़्तार कर सकती है और ना ही पूछताछ एस वो अब भी इस मामले में पर्दे के पीछे कौन है इसे लेकर संशय बना हुआ है।इन गिरफ्तारियों के बाद भी इस मामले में कोई बड़ा ख़ुलासा नहीं हो पाया था ऐसे में पुलिस हरिसिंह का इंतज़ार कर रही थी कि उससे पूछताछ में कुछ ख़ुलासा हो पाएगा लेकिन कोर्ट के आदेश के चलते पुलिस ना तो हरि सिंह को गिरफ़्तार कर सकती है और ना ही पूछताछ। ऐसे में इस मामले में पर्दे के पीछे कौन है इसे लेकर संशय बना हुआ है।

## राजस्थान सियासी संकट के बीच भाजपा मौन

**जयपुर।** राजस्थान कांग्रेस में लगातार बदल रहे घटनाक्रम पर भाजपा नेताओं का पूरा फोकस तो है, लेकिन प्रमुख भाजपा नेता आबूरोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर व्यस्त है। माना जा रहा है कि 1 अक्टूबर से भाजपा इस मामले में एक रणनीति के तहत आगे कदम बढ़ाएगी। पार्टी का अगला कदम मौजूदा परिस्थितियों और सियासी नफा नुकसान के आकलन के बाद ही उठाया जाएगा। बताया जा रहा है कि राजस्थान कांग्रेस और सरकार में जिस प्रकार का सियासी घटनाक्रम देखने को मिल रहा है, उसके बाद भाजपा की निगाहें उन तमाम निर्दलीय विधायकों पर है जो पूर्व में भाजपा की विचारधारा से जुड़े थे।

## गलियाणा स्कूल में शिक्षको के रिक्त पदों पर फूटा ग्रामीणों व विद्यार्थियो का गुस्सा, तालेबंदी कर किया प्रदर्शन

**आसपुर।** डूंगरपुर जिले के आसपुर ब्लाक के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गलीयाना में शिक्षको के रिक्त पदों व लाइब्रेरियन के प्रोबेशन पीरियड में होने के बावजूद अन्यत्र प्रतिनियुक्ति किये जाने के बाद आज ग्रामीणों व विद्यार्थियो का गुस्सा फुट पड़ा। ग्रामीणों व विद्यार्थियो ने स्कूल पर तालेबंदी कर प्रदर्शन किया। इधर सीबीईओ द्वारा शिक्षण व्यवस्था के लिए 3 शिक्षको के लगाने व लाइब्रेरियन की प्रतिनियुक्ति का आदेश निरस्त करने पर मामला शांत हुआ। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गलीयाना में शिक्षको के रिक्त पदों व लाइब्रेरियन के प्रोबेशन पीरियड में होने के बावजूद अन्यत्र प्रतिनियुक्ति किये जाने के मामले में ग्रामीणों व विद्यार्थियो ने आज प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों व विद्यार्थियो ने स्कूल गेट पर तालेबंदी कर नारेबाजी। इस मौके पर ग्रामीणों ने बताया की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गलियाना में कक्षा 1 से 12 तक की कक्षाएं संचालित की जा रही है। जहां पर 170 बालकों का नामांकन है। जिसे पढ़ाने के लिए 15 शिक्षकों का पदस्थापन है। जिसमें से। शिक्षकों के पद रिक्त हैं। जिसमे प्रधानाचार्य एक पद, भूगोल, हिंदी, राजनीति विज्ञान व्याख्याताओं के 3 पद, द्वितीय श्रेणी हिंदी, विज्ञान के 2 पद और तृतीय श्रेणी का एक पद रिक्त हैं। वही जिसके बाद भी डीईओ (माध्यमिक) ने प्रोबेशन पीरियड में चल रहे लाइब्रेरियन मिलन भट्ट का महात्मा गांधी उमावि भीलूड़ा में प्रतिनियुक्ति कर दी। इधर तालेबंदी व प्रदर्शन की सुचना पर आसपुर ब्लाक के सीबीईओ नवीन प्रकाश जैन मौके पर पहुंचे। सीबीईओ ने गेट खोल कर समाधान करने की बात की, लेकिन ग्रामीण नहीं माने और मौके पर डीईओ को बुलाने की मांग करने लगे। इसके बाद करीब 3 घंटे बाद गेट का ताला खोलकर बच्चों को क्लास में बिठाया गया और मौके पर ही गलियाना पीईईओ अंतर्गत कार्यरत 3 शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था करने के आदेश जारी किए। वही लाइब्रेरियन की प्रतिनियुक्ति का आदेश भी निरस्त किये गए। जिसके बाद पूरा मामला शांत हुआ।

## दोवडा में किराणा दुकान को चोरो ने बनाया निशाना, दूकान में रखी लॉन की किश्त व सामान हुआ चोरी

**आसपुर।** डूंगरपुर जिले के दोवडा थाना क्षेत्र के पाहेता घाटी में बीती रात चोरो ने एक किराणा की दूकान को अपना निशाना बनाया। चोर दूकान के शटर का ताला तोड़कर दूकान में रखी लॉन की किश्त की 9 हजार की राशी, एक हजार की चिल्लर और हजारो का सामान चुराकर ले गए है। इधर पुलिस ने पीड़ित दूकान मालिक की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के दोवडा थाने के थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया की डूंगरपुर शहर निवासी श्रीपाल जैन ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में श्रीपाल जैन ने बताया की उसकी दोवडा के पास पाहेता घाटी में किराणा की दूकान है। कल रात को दूकान बंद करने के बाद वह अपने घर डूंगरपुर शहर आ गया था। आस सुबह लोगो ने उसे फोन पर सुचना दी की उसकी दूकान के शटर का ताला टुटा हुआ है और शटर आधा खुला हुआ है। अज्ञात चोरो ने उसकी दूकान में चोरी कर ली है। लोगो द्वारा मिली सुचना पर श्रीपाल जैन डूंगरपुर से पाहेताघाटी अपनी दूकान पर पहुंचा। इस दौरान उसने देखा की दूकान में सामान बिखरा हुआ था। वही गल्ले से लॉन की किश्त चुकाने के लिए रखी 9 हजार की राशी व एक हजार की चिल्लर चोरी हो गई है। वही इसके अलावा दूकान से हजारो का किराणा का सामान भी गायब है। इसके बाद श्रीपाल जैन ने दोवडा थाना पुलिस को चोरी की घटना की जानकारी दी। सुचना पर दोवडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुकान मालिक श्रीपाल जैन से घटना व चोरी हुए सामान की जानकारी ली।

## एमआरएस की बैठक : सरकारी अस्पताल की पर्ची पर बाहर की दवाइयां लिखने की शिकायत मिली तो होगी कार्रवाई

**विधायक रामप्रसाद डेंडोर ने फुली ऑटो एनालाइजर मशीन के लिय विधायक मद से 10 लाख रुपया की स्वीकृति की घोषणा की**



सागवाडा। पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय में शुक्रवार को विधायक रामप्रसाद डेंडोर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमेंद्र नागर और सागवाडा उपखंड अधिकारी रामचंद्र खटिक की मौजूदगी में एमआरएस की बैठक हुई। विधायक रामप्रसाद डेंडोर ने फुली ऑटो एनालाइजर मशीन के लिय विधायक मद से 10 लाख रुपया की स्वीकृति की घोषणा की। पीएमओ डॉ. राजाराम मीणा ने बताया कि अस्पताल में यह मशीन आ जाने से खून की सभी प्रकार की जाँचें समय पर हो सकेगी। बैठक को संबोधित करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमेंद्र नागर ने अस्पताल में साफ़ सफ़ाई की व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि अस्पताल में हाइजीन का ध्यान रखा जाए। चिरंजीवी योजना में नि शुल्क जाँचें और नि:शुल्क दवाई का प्रावधान है। ऐसे में यहाँ आने वाले हर व्यक्ति को इसका लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने ने कहा कि यदि अस्पताल से बाहर जाँचे कराने या अस्पताल की पर्ची पर बाहर की दवाइयां लिखने की शिकायत मिलती है तो संबंधित के ख़िलाफ़ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अस्पताल में पेयजल की व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। बैठक में अस्पताल के बाहर की दुकानों को किराया पर देने का प्रस्ताव भी लिया गया। इसके साथ ही अस्पताल में मैनपावर के अंतर्गत 4 सिक्योरिटी गार्ड, एक वार्ड ब्वाय और एक फार्मासिस्ट की आवश्यकता बतायी गई। आँखों की जाँच और दंत विभाग में काम आने वाली मशीनों की ख़रीद को लेकर भी प्रस्ताव लिया गया।

### जो है वह तो पहले ठीक से काम कर लें

अस्पताल के पीएमओ डॉ. राजाराम मीणा ने जब अस्पताल में स्टाफ़ नर्स की कमी की बात रखी तो सागवाडा विधायक रामप्रसाद डेंडोर ने कहा कि वर्तमान में अस्पताल में जो स्टाफ़ है वो तो पहले ठीक से काम कर लें। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले हर व्यक्ति को समय पर उचित इलाज मिले इसकी व्यवस्थाएं की जानी चाहिए। सरकार की चिरंजीवी योजना में अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके ऐसी व्यवस्थाएं रखने के निर्देश दिए।

## मामला दर्ज करवाने वाली महिलाओं को घर जाकर धमकाया जा रहा, कार्रवाई नहीं तो 6 अक्टूबर को करेंगे आन्दोलन

**आदिवासी महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी शिक्षक के मामले में बोले डूंगरपुर विधायक गणेश घाघरा**

**डूंगरपुर।** आदिवासी महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी शिक्षक भंवरलाल के मामले में डूंगरपुर विधायक गणेश घोगरा ने आज सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता की। इस दौरान विधायक ने कहा की आरोपी शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज करवाने वाली महिलाओं को उनके घर पर जाकर केस वापस लेने और नहीं लेने पर धमकाया व डराया जा रहा है। विधायक ने आरोपी शिक्षक को जल्द गिरफ्तार नहीं करने पर प्रशासन को 6 अक्टूबर को आन्दोलन करने की चेतावनी दी है। डूंगरपुर विधायक गणेश घोगरा ने आज कांग्रेसी नेताओं के साथ सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता की। इस दौरान विधायक ने आदिवासी महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी शिक्षक भंवरलाल के खिलाफ मामला दर्ज करने वाली महिलाओं को आरोपी शिक्षक के समर्थको द्वारा घर जाकर धमकाने व डराने के आरोप लगाए है। विधायक ने कहा की आरोपी शिक्षक भंवरलाल के समर्थक महिलाओं को घर जाकर केस वापस लेने के लिए धमका रहे है और नहीं लेने पर समाज से बाहर करने व परिणाम भुगत लेने की धमकी दे रहे है। इस दौरान विधायक घोगरा ने प्रशासन पर ढुलमुल रवैया अपनाने के आरोप लगाते हुए प्रशासन से आरोपी शिक्षक की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। वही गिरफ़्तारी नहीं होने पर 6 अक्टूबर को आन्दोलन की चेतावनी दी है।

## अशोक गहलोत मुख्यमंत्री बने रहेंगे

**जयपुर।** राजस्थान के राजनीतिक घटनाक्रम में एक नया मोड़ सामने आया हैं! फिलहाल अशोक गहलोत मुख्यमंत्री बने रहेंगे। अब इस सारे मामले में कुछ नए डवलपमेंट्स हुए। मल्लिकार्जुन खड़गे से गहलोत की लंबी मंत्रणा हुई। इसके बाद आनंद शर्मा और G-23 के नेताओं से भी गहलोत ने लंबी मंत्रणा की और दिग्विजय सिंह के बजाय खड़गे को ऑफिशियली उम्मीदवार बनाए जाने पर सहमति हुई। गहलोत से बातचीत के बाद त्न-23 के नेता भी एकमत हुए और ये सभी लोग बने मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रस्तावक हैं। अब G-23 ने अपना कोई उम्मीदवार नहीं खड़ा किया। इस प्रकार अब खड़गे का कांग्रेस अध्यक्ष बनना लगभग तय हैं। खड़गे गहलोत के पुराने करीबी हैं। जहां तक नया मुख्यमंत्री चुनने के लिए विधायक दल की बैठक का प्रश्न है, अब ये सारा मामला भी फिलहाल खटाई में पड़ गया, क्योंकि अगले कुछ दिन कोई भी CLP की बैठक नहीं हो रही।

## साबिर की सारंगी की तान और शास्त्री के सुरों पर थिरक रहे लोग

**जयपुर घराना के सुप्रसिद्ध सारंगी वादक व गायक साबिर खां खडगदा की नवरात्रि में दे रहे प्रस्तुति**



**खडगदा।** जयपुर घराना के सुप्रसिद्ध सारंगी वादक व गायक साबिर ख़ां इन दिनों खडगदा गांव की नवरात्रि में अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। राम कथा वाचक कमलेश भाई शास्त्री के सुरों और साबिर ख़ां की सारंगी की तान पर देर रात तक खड़गदा के माँ भगवती के पांडाल में गरबे खेले जा रहे हैं। साबिर खां का जन्म संगीत के जयपुर घराने में जन्में साबिर खान अपने संगीत घराने की 9वीं पीढ़ी है।

अपने मामा पद्मश्री उस्ताद मोईनुद्दीन खां साहब से गायन और सांरगी वादन की शिक्षा से प्राप्त साबिर खां ने सारंगी पर गरबों की तान छेड़ी तो लोग झूम उठे। राम कथा वाचक कमलेश शास्त्री ने बताया कि कोरोना काल के चलते नवरात्रि महोत्सव कुछ फीका हो गया था। इसी के चलते इस वर्ष नवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। सारंग, ढोलक, हार्मोनियम के साथ ही आधुनिक साजो सामान की धूम पर देर रात तक गरबे खेले जा रहे हैं।क्षेत्रपाल मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष निखिलेश मेहता और महामंत्री पीयूष पुरोहित ने गाँव में पधारें अतिथी विकास अधिकारी मुलाराम सोलंकी एवं पत्रकार संघ सागवाड़ा के सदस्य का स्वागत किया। कमलेश भाई शास्त्री ने बताया कि साबिर खां आकाशवाणी के ए-ग्रेड आर्टिस्ट है।इन्होने बॉलिवुड सहित कई नामी कलाकारों के साथ सारंगी वादन किया है और निरंतर संगीत के क्षेत्र में अपनी उचाईयों को छूं रहे है। खडगदा गाँव की ओर से भी साबिर ख़ान का स्वागत अभिनंदन किया गया।इस दौरान बीट प्रभारी पुष्पेन्द्र सिंह, सतीश चंद्र पुरोहित, शशिकांत पुरोहित, डॉ. विमलेश पंड्या, डॉ. रमेश भट्ट, डॉ. विजय जोशी मौजूद रहे।

## गलियाकोट मोड़ से नगरपालिका की सीमा तक फोरलेन सड़क बनेगी

- नगर पालिका की साधारण सभा की बैठक में लिया प्रस्ताव, सड़क का सौंदर्यीकरण भी होग
- कचरा घाटी पर पड़े कचरे के ढेर के निस्तारण का भी प्रस्ताव

**सागवाडा।** नगर पालिका सागवाडा की साधारण सभा की बैठक नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया और नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी अभिषेक शर्मा की मौजूदगी में हुई। बैठक में सागवाडा शहर के विकास को लेकर कई निर्णय लिए गए। जिसमें कचरा घाटी में पड़े कचरे के ढेर के निस्तारण और गलियाकोट मोड़ से नगरपालिका की सीमा तक फोरलेन सड़क बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया की गलियाकोट मोड़ से शहर की सीमा तक सड़क का चौड़ीकर उसका सौंदर्यीकरण किया जाना है। इस पर नगर पालिका क़रीब 5 करोड़ रुपया ख़र्च करेगी। इसका प्लान बनकर तैयार है, सदन के अनुमोदन के बाद अब इस कार्य को जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। सड़क के दोनों ओर आकर्षक विद्युत पोल और डिवाइडर और पर फूल लगाए जाएंगे। पालिकाध्यक्ष खोडनिया ने बताया कि शहर की विद्युत व्यवस्था को अब ठेके पर दिया जाएगा ताकि शहर की बिजली सप्लाई सुचारु रह सकें। बैठक में उप सभापति राजु मामा शेख़, नेता प्रतिपक्ष हरीश सोमपुरा सहित पार्षद मौजूद रहे।



### सीवरेज और पेयजल के लिए 110 करोड़ ख़र्च होंगे

पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि शहर में सीवरेज की व्यवस्था और शुद्ध पेयजल पर क़रीब 110 करोड़ रुपया ख़र्च होंगे य। इस कार्य का टेंडर हो गया है और वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया गया है। दिवाली के बाद शहर में ये दोनों काम सुचारु रूप से शुरू हो जाएंगे। इसके अलावा शहर के सभी तालाबों के सौंदर्यीकरण पर 20 करोड़ रुपये ख़र्च होने हैं, जिसकी निविदा का कार्य पूरा कर लिया गया है।

### 10 हज़ार क्यूबिक मीटर कचरे का ढेर का होगा निस्तारण

शहर की कचरा घाटी में सालों से पड़े कचरे के ढेर के निस्तारण का प्रस्ताव भी लिया गया। अधिशासी अधिकारी अभिषेक शर्मा ने बताया कि वर्तमान में कचरा घाटी में क़रीब 10 हज़ार क्यूबिक मीटर कचरे का ढेर पड़ा हुआ है। इसके निस्तारण पर क़रीब 50 लाख रुपये ख़र्च होंगे। इस प्रोजेक्ट में शहर और उसके आस पास के क्षेत्रों को कचरों कचरे से मुक्त करना है।

### सड़कों पर घुम रहे मवेशियों के रेस्क्यू के लिए वाहन ख़रीदने का प्रस्ताव

शहर की सड़कों पर घुम रहे मवेशियों के रेस्क्यू के लिए वाहन ख़रीदने, वन विभाग को भूमि आवंटित करने, जेसीबी मशीन क्रय करने और मिनी ट्रक डंपर क्रय करने का भी प्रस्ताव लिया गया। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि इन्दिरा गांधी शहरी रोज़गार गारंटी योजना के तहत शहर में स्वच्छता के कार्य कराए जाने हैं। जिसके तहत तालाबों में डिसील्टींग, वार्डों में सफ़ाई के साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाने के काम किए जाएंगे।